## खास-खबरें

### मुख्यमंत्री ने किया पौध-रोपण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी उद्यान में उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी भोपाल के प्रतिनिधियों के साथ अशोक, सारिका इंडिका और आँवला के पौधे लगाए। भोपाल के वरिष्ठ टी.वी. पत्रकार आर.सी. साहू (बिम्ब) ने अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण किया। उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी की श्रीमती दीप्ति पटवा, शैलेंद्र यादव, दीपक शर्मा, जुबेर खान, प्रभुदयाल प्रजापति और अजय शर्मा ने भी पौधे लगाए।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाजन के निधन पर दुख व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वरिष्ठ अधिवक्ता और गोवा मुक्ति आंदोलन में सक्रिय सहभागी रहे सुदर्शन कुमार महाजन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री चौहान ने कहा है कि स्व. महाजन से सीहोर क्षेत्र के विकास को लेकर अक्सर अर्थपूर्ण चर्चा होती थी। उन्होंने हमेशा लोगों की आवाज को उठाया। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से श्री महाजन की दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

### प्रबंध संचालक अर्बन डेवलपमेंट कंपनी ने की रोड रेस्टोरेशन की समीक्षा

**भोपाल।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास और मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक भरत यादव ने कंपनी द्वारा प्रगतिरत परियोजनाओं में रोड रेस्टोरेशन कार्य की समीक्षा की। श्री यादव ने रोड रेस्टोरेशन के शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री यादव ने कहा कि प्रतिदिन का लक्ष्य तय कर उसे पूरा किया जाए। श्री यादव ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि पाइप लाइन बिछाने के लिए रोड कटर का इस्तेमाल हो। प्रबंध संचालक ने हाउसहोल्ड कनेक्शन की ताज़ा जानकारी भी अधिकारियों से ली। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा अभियान चला कर पाइप लाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत की जा रही है। प्रमुख अभियंता दीपक रतनावत, मुख्य अभियंता विजय कुमार गुप्ता और उप परियोजना संचालक तकनीकी पी.सी. जैन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### डॉ. चौधरी ने निर्माणाधीन खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया



**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने शनिवार को इंदौर के तलावली चांदा में निर्माणाधीन खाद्य एवं औषधि प्रशिक्षण प्रयोगशाला भवन का निरीक्षण किया। प्रयोगशाला का निर्माण 4 करोड़ 35 लाख रूपये की लागत से किया जा रहा है। उन्होंने भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर फरवरी 2023 के अंत तक शुरू करने के लिये कहा। डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रयोगशाला खाद्य पदार्थों के तत्काल परीक्षण में उपयोगी साबित होगी। इसमें अत्याधुनिक उपकरण रहेंगे। इंदौर समेत उज्जैन संभाग के मिलावट संबंधी नमूनों के तत्काल परीक्षण की सुविधा मिलेगी। मंत्री डॉ. चौधरी ने प्रयोगशाला में एयर कंडीशनर एवं फर्नीचर के लिए अलग से एक करोड़ 75 लाख रूपये जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मिलावट के खिलाफ कठोर कार्यवाही के प्रावधान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा किए गए हैं। लोगों को शुद्ध खानपान एवं खाद्य सामग्री मुहैया हो इसके तमाम प्रबंध किए जा रहे हैं।

### नॉन कम्यूनिकेबिल बीमारियों के उपचार और रोकथाम की रणनीति तैयार



**भोपाल।** प्रदेश में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, मानसिक अस्वस्थता और किडनी संबंधी नॉन कम्यूनिकेबिल बीमारियों के उपचार और रोकथाम के बारे में विशेषज्ञों द्वारा रणनीति तैयार की गई है। शुक्रवार को मंत्रालय में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में रणनीति का प्रेजेन्टेशन दिया गया। नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राज्यों के मुख्य सचिव की राष्ट्र स्तरीय कॉन्फ्रेंस में राज्य में नॉन कम्यूनिकेबिल बीमारियों के उपचार और रोकथाम के संबंध में किये गये कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया जाना है। इसके दृष्टिगत प्रदेश में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, मेन्टल हेल्थ और डायलिसिस की राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समिति का समूहवार गठन किया गया था। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने पृथक-पृथक समूह ने बीमारी की पहचान, उपचार और रोकथाम के लिये शॉर्ट और लांग टर्म कार्य-योजना पर चर्चा की। एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास, एम्स भोपाल, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल और सहयोगी संस्थाओं के विशेषज्ञ चर्चा में शामिल रहे।

# मरीजों को सस्ते दरों पर इलाज उपलब्ध कराने के प्रयास करें चिकित्सक : सारंग

## मधुमेह एवं हृदय रोग पर दो दिवसीय 20वें राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

भोपाल (काप्र)।

**हृदय एवं मधुमेह रोग पर आज होटल ताज लेकफ्रंट में आयोजित दो दिवसीय 20वें राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्‌घाटन विश्वास सारंग, मंत्री चिकित्सा शिक्षा ने किया। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकों को मरीजों का सस्ते दरों पर इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए जिससे सभी तबके के लोग लाभान्वित हो सकें।**




शहर के चिकित्सकों को भी दूरदराज के क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने के लिए स्वयं आगे आना चाहिए ताकि ग्रामीण अंचलों के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके। अच्छी जीवन शैली एवं नियमित दिनचर्या अपनाने से काफी हद तक प्रचलित मधुमेह, हार्ट अटैक, उच्च रक्तचाप आदि बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पद्मश्री डॉ. रनदीप गुलेरिया, डायरेक्टर, एम्स दिल्ली ने कहा कि कोविड की महामारी से हमारे देश को बहुत नुकसान हुआ है, लेकिन सबके सहयोग से हमारे देश ने इस पर काबू पा लिया है और वर्तमान में केवल इक्का-दुक्का ही कोविड के केस नजर आ रहे हैं। डॉ. शीला नयनन मायतरा, मुम्बई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं एवं उन्होंने सम्मेलन की काफी सराहना की। आयोजन अध्यक्ष डॉ. पी.सी. मनोरिया ने कहा कि हमारे देश में हर तीन वयस्क भारतीयों में से एक को हाई ब्लड प्रशर है। 5 में से एक को डायबिटीज है, 3 में से एक को हाई कोलेस्ट्राल है और 5 में से दो धूम्रपान की लत में लिप्त हैं। हमारे देश में प्रतिवर्ष 30 लाख लोगों को हार्ट अटैक होता है और हर 15 मिनट में 1 हार्ट अटैक होता है। हार्ट अटैक कोई कैंसर नहीं है जिस पर नियंत्रण नहीं पा सकते हैं। यह जीवन शैली संबंधित बीमारी है और जब तक हम अनियमित जीवन शैली संज्ञान में नहीं लेंगे हार्ट अटैक पर काबू नहीं पाया जा सकता और हेल्थ इज वेल्थ का मुद्दा परवान नहीं चढ़ेगा।

डॉ. एन.एन. खन्ना अपोलो अस्पताल दिल्ली ने पैर की नसों में सिकुड़न के बारे में बताया और कहा कि नवीन पद्धतियों से पैर की नसों की सिकुड़न को काफी प्रभावी ढंग से ठीक किया जाता है और इसके बहुत अच्छे परिणाम हैं। साथ ही डॉ. अश्विनी मेहता गंगाराम अस्पताल दिल्ली ने खून की चिपचिपाहट को कम करने की दवाइयों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. श्रीमती शीला मायतरा ने सेप्सिस के बारे में चर्चा की और कहा कि यदि इसका निदान समय पर हो जाए तो इलाज के अच्छे परिणाम होते हैं। लेकिन यदि इसका पता देरी से लगता है तो शरीर के कई अंग इसकी चपेट में आ जाते हैं। जिससे मरीज की मृत्यु तक हो जाती है। डॉ. आशीष नाबर, मुम्बई ने हृदय की लय संबंधी बीमारी के बारे में बताया और कहा कि असमय मृत्यु को रोकने के लिए एआईसीडी (आटोमेटिक इम्प्लांटेबल कार्डियक डेफीब्रिलेटर) का प्रत्यारोपण काफी अच्छे परिणाम देता है।

डॉ. पंकज मनोरिया ने कहा कि हार्ट अटैक में मरीजों की एंजियोप्लास्टी वर्तमान में इंट्रावास्कुलर अल्ट्रासाउंड एवं ऑप्टिकल कोहेरेन्स टोमोग्राफी के उपयोग करने से एक नये युग की शुरुआत हो गई है। ये दोनों पद्धतियों हृदय रोग विशेषज्ञों की तीसरी आंख बन गई हैं। इसके द्वारा यह आसानी से पता लगाया जाता है कि हृदय की धमनी में जिस स्टेंट का प्रत्यारोपण किया गया है वह सटीक तरीके से लगाया गया है या नहीं। जब एंजियोंप्लास्टी इन पद्धतियों के उपयोग के बिना ही की जाती है तो उनके परिणाम इतने अच्छे होते हैं। कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए चिकित्सकों ने भाग लिया और कार्यक्रम की प्रशंसा की। डॉ. रोशन चंचलानी ने सम्मेलन में उपस्थित सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

# उमा भारती ने अपनों को त्यागा, दीदी मां नाम रखने का लिया फैसला

**भोपाल ( काप्र )। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन गई है। उमा भारती ने अपने परिवार के त्याग करने की घोषणा कर दी है। उन्होंने बताया कि अब उनका अपने परिवार से कोई नाता नहीं है। अभी तक लोग उन्हें दीदी कहते थे, लेकिन अब वह सारे विश्व समुदाय की दीदी मां कहलाएगी। अब से सारा संसार ही उनका परिवार होगा।**

उमा भारती को संन्यास लिए हुए 30 साल से भी ज्यादा का वक्त हो गया है। लेकिन उनका परिवार से संबंध बना रहा था। उनके संन्यास के बाद से ही सभी उन्हें दीदी बुलाते थे। लेकिन अब सभी उन्हें दीदी मां कहेंगे। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि वह 17 नवंबर को सागर में सार्वजनिक तौर पर मुनिजनों के सामने माइक से घोषणा करके परिवार से पूरी तरह से मुक्त हो जाऊंगी। उन्होंने बताया कि वह 8 दिसंबर को अमरकंटक पहुंचेगी। क्योंकि अमरकंटक में उन्होंने 17 नवंबर 1992 को संन्यास की घोषणा की थी। उमा ने कर्नाटक के कृष्ण भक्ति संप्रदाय के उड़पी कृष्ण मठ के पेजावर मठ के मठाधीश से दीक्षा ली थी। उमा भारती का परिवार काफी बड़ा है और कई सदस्य राजनीति में भी एक्टिव हैं। वर्तमान में उमा भारती के भतीजे राहुल सिंह लोधी भाजपा से विधायक हैं। वहीं उमा भारती के एक बड़े स्वामी प्रसाद लोधी भी विधायक रह चुके हैं। उमा का परिवार राजधानी भोपाल और टीकमगढ़ जिले में रहता है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा टीकमगढ़ जिले से आती है, उनका जन्म लोधी राजपूत परिवार में हुआ था। उमा भर्ती राजनीति में एक तेज-तर्रार महिला नेता के रूप में जानी जाती हैं।

## मिर्ची बाबा के गुनाह की कुंडली हुई तैयार पुलिस ने पेश किया 566 पन्नों का चालान

**भोपाल ( काप्र )।** कमलनाथ सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री रहे वैराग्य नंद गिरी महाराज उर्फ मिर्ची बाबा को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद मिर्ची बाबा के गुनाहों की कुंडली तैयार हो गई है। दुष्कर्म के आरोपी वैराग्यनंद गिरि उर्फ मिर्ची बाबा के खिलाफ महिला थाना प्रभारी ने चालान पेश किया है। 566 पन्नों के चालान में 414 पन्नों में सिर्फ कॉल डिटेल की रिपोर्ट है। साथ ही सफेद रंग की भभूत, साबूदाने की तरह दिखने वाली गोली का भी जिक्र किया गया है। बाबा कि लकड़ी वाली अलमारी से पुलिस ने भभूत बरामद की थी। महिला से रेप मामले में 21 लोगों को गवाह बनाया गया है। घटना के दिन बाबा-पीड़िता की मोबाइल लोकेशन मिनाल रेसीडेंसी में मिलने की पुष्टि हुई है। कई रसूखदार लोग भी उसके घर आते जाते रहते थे। दिन भर होने वाली हलचल की वजह से जब लोग ज्यादा परेशान हो गए तो उन्होंने इसका विरोध भी किया। वहीं मिर्ची बाबा के कारनामों का खुलासा होने के बाद उसका स्टाफ भी घर छोड़कर अंडर ग्राउंड चल रहा है। उसके स्टाफ में एक महिला, एक पुरुष सहित चार लोग हैं। सभी कर्मचारी बाबा के साथ इसी घर में रहते थे।

# उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान द्वारा भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर आधारित विशेष परीक्षा का आयोजन

भोपाल (काप्र)।

**भारतीय संस्कृति के मूल्यों को पुनः स्थापित करने एवं चरित्रवान व्यक्तित्व का निर्माण करने हेतु भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन, अखिल विश्व गायत्री परिवार भारतीय संस्कृति परीक्षा प्रकोष्ठ शांतिकुंज, हरिद्वार, के माध्यम से उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में किया गया।**



शनिवार दोपहर 12 बजे से 01 बजे के बीच हुई इस परीक्षा में 144 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्वस्थ युवक - सबल राष्ट्र। शालीन युवक - श्रेष्ठ राष्ट्र। स्वावलंबी युवक - संपन्न राष्ट्र। सेवाभावी युवक - सुखी राष्ट्र इस लक्ष्य पर केंद्रित एवं इन उद्देश्यों को समेटे हुए, इस परीक्षा का शुभारंभ संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस श्रेष्ठ कार्य में भाग लेने के लिए सभी को प्रेरित किया व बधाई दी। परीक्षा प्रभारी डॉ निधि पाराशर, अर्थशास्त्र विभाग, एवं सह प्रभारी डॉ संध्या त्रिवेदी, रसायन शास्त्र विभाग, थीं। संस्थान के सभी शिक्षकों ने राष्ट्रीय हित हेतु अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वैदिक काल से ही भारतीय संस्कृति दैनंदिन कर्तव्यों का आधार रही है एवं उसकी गरिमा विश्वविख्यात रही है7 चिंतनीय बात है कि कुछ वर्षों से इसमें गिरावट आ गई है और हम अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का विशेष महत्व है।

## उपलोकायुक्त ने बताई भारत में हो रहे करप्शन की वजह...

# चुनावी प्रक्रिया से ही शुरू होता है भ्रष्टाचार : पालो

भोपाल (काप्र)।

**आखिर सबके मन में ये सवाल कभी न कभी खड़ा होता है कि राजनीतिक दल करोड़ों-अरबों रुपये खर्ज कर देते हैं। लेकिन यह पैसा आता कहां से है। इसका जवाब लोकायुक्त के दूसरे सबसे प्रमुख व्यक्ति उपलोकायुक्त जस्टिस एसके पालो ने दिया। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चुनाव को ही भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार बताया।**

दरअसल उपलोकायुक्त ने कहा कि कोई राजनीतिक दल जब चुनाव लड़ता है, तो उनको बहुत सारे पैसों की जरूरत होती है। लेकिन उनके पास कमाई का कोई साधन नहीं है। खर्च तो वे बहुत करते हैं,और फिर वहीं से करप्शन के बीज डल जाते हैं। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि वे किसी पर्टिकुलर राजनीतिक दल के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने यह बात सीबीआई द्वारा सतर्कता सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम करप्शन फ्री इंडिया फॉर डेवल्प्ड नेशन के मुख्य अतिथि बतौर कही। सिस्टम की पोल खोलते वक्त उन्होंने बताया कि सिस्टम से इस दिक्कत को कैसे हटाएंगे इस पर चुनाव आयोग को विचार करना है। जस्टिस पालो ने ये भी कहा कि करप्शन से सबसे ज्यादा पीड़ित आम आदमी है।

उन्होंने कहा कि करप्शन के चलते ही देश की अर्थव्यवस्था को भी बहुत नुकसान होता है। इसका उदाहरण भी दिया कि, आप समझें कि बड़ी बड़ी कंपनियां जो यहां फैक्ट्री लगाती हैं, लेकिन कई कंपनियां आने से इसलिए इंकार कर देती है क्योंकि करप्शन हैं। करप्शन फ्री करने से देश की अर्थव्यवस्था को भी बहुत फायदा होगा। वहीं उप लोकायुक्त जस्टिस एसके पालो के बेबाक बोल पर कांग्रेस एमएलए लक्ष्मण सिंह ने प्रशंसा की है। लक्ष्मण सिंह ने लिखा कि उप लोकायुक्त ने जो बात कही उस पर खुलकर चर्चा होना चाहिए। उपलोकायुक्त, पालो ने भ्रष्टाचार अथवा चुनाव में हो रहे बेहिसाब करोड़ों रुपयों के खर्च पर जो चिंता व्यक्त की है और खुल कर चर्चा की है, वह स्वागत योग्य है। राजनीतिक दलों को भी ऐसी चर्चा में भाग लेना चाहिए।

## चुनाव के समय ही कांग्रेस को याद आते हैं हिंदू देवी-देवता भगवा आतंकवाद जैसे शब्दों को लेकर मंत्री ने कसा तंज

**भोपाल ( काप्र )।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पहुंचने के पहले बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा लगातार इस यात्रा को लेकर कांग्रेस पर हमलावर है। ऐसे में प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसा है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस के दोनों दिग्गज नेताओं में तालमेल नहीं बन रहा है। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच के मतभेद का परिणाम भारत जोड़ो यात्रा के पहले गुटबाजी के रूप में देखने को मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि किसका फोटो छपेगा किसका नहीं इसमें उलझकर रह गए है, दोनों की गुटबाजी जमीन पर दिख रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा पूरी तरह फ्लॉप है। इसलिए भीड़ इकट्ठी करने के लिए अभिनेताओं का सहारा लिया जा रहा हैं। वहीं कांग्रेस के सॉफ्ट हिंदुत्व को लेकर विश्वास सारंग ने कहा कि राहुल गांधी चुनावी समय में ही भगवान को याद करते हैं। कभी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को घर में पूजा करते किसी ने नहीं देखा। राहुल गांधी केवल वोट बैंक के लिए धर्म का सहारा लेते हैं। विश्वास सारंग ने बताया कि देश आजाद होने के बाद कांग्रेस ने लगातार हिन्दू परम्पराओं पर कुठाराघात किया है। भगवा आतंकवाद जैसे शब्द देश-दुनिया में कांग्रेस ने प्रचलित किया है। कांग्रेस का विचार हिन्दुओं के खिलाफ है। भारत जोड़ो यात्रा भारत तोड़ने वाले तत्वों को इकठ्ठा करके की जा रही है।

# अस्पताल संचालक ने की रिसेप्शनिस्ट से मारपीट

भोपाल (काप्र)।

**ईंटखेड़ी इलाके में संचालित लांबा खेड़ा मल्टी केयर अस्पताल के संचालक पर रिसेप्शनिस्ट ने छेड़छाड़, मारपीट का केस दर्ज कराया है। मामले में अस्पताल की नर्स को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। आरोप है कि उसने भी अस्पताल संचालक के इशारे पर मारपीट की है।**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अस्पताल संचालक उसे अपने केबिन में बुलाकर अश्लील हरकत करता है। वह शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता है। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो उसने अस्पताल की एक नर्स के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

ईंटखेड़ी थाना प्रभारी केएन भारद्वाज ने बताया कि करोंद निवासी 21 वर्षीय युवती 26 अक्टूबर को लांबा खेड़ा मल्टी केयर अस्पताल में रिसेप्शनिस्ट के पद पर जॉइन किया था। उसने पुलिस को बताया कि 3 नवंबर को वह हर रोज की तरह ड्यूटी पर पहुंची। इसी बीच अस्पताल संचालक संतोष सूर्यवंशी ने उसे अपनी केबिन में बुलाया। वह रिसेप्शनिस्ट से बोला कि तुम मुझसे गुड मार्निंग नहीं करती हो, गुड नाइट भी नहीं करती। रिसेप्शनिस्ट ने कहा कि आगे से ध्यान रखेंगे। इसी बीच आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर अश्लील हरकत शुरू कर दी। उसने विरोध किया तो वह बोला कि किसी को बताया तो नौकरी से निकाल दूंगा। अगले दिन 4 नवंबर को आरोपी उस पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर वह धमकी देने लगा। इसी बीच नर्स जयश्री भी पहुंच गई। रिसेप्शनिस्ट ने पुलिस को बताया कि अस्पताल संचालक के साथ मिलकर उसने भी उसे पीटा।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अस्पताल संचालक उस पर जाइनिंग के दिन से ही बुरी नियत से देखता था। वह बेवजह उसे केबिन में बुलाता रहता था। केबिन में नहीं आने पर नौकरी से निकालने की धमकी देता था। 3 नवंबर को उसने धमकी दी थी कि किसी से मेरे बारे में बताएगी तो मरवा देंगे। तब पीड़िता ने उसे यह कहा था कि पुलिस से शिकायत करूंगी। यह बात उसे नागवार गुजरी नर्स के साथ मिलकर मारपीट कर दी।

**खास खबर** | अ.भा.कालिदास समारोह-2022 का शुभारम्भ...

# महाकवि कालिदास की कृतियाँ हमें आनन्द से भरती हैं : पटेल

भोपाल (काप्र)।

**राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि अखिल भारतीय कालिदास समारोह का शुभारंभ कर वे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। महाकवि कालिदास की कृतियाँ हमें आनन्दित करती हैं। संगीत से मन प्रफुल्लित होता है। जिन कलाकारों को राष्ट्रीय कालिदास सम्मान से विभूषित किया गया है, उन्होंने अपनी कला और संगीत से आनंद दिया है। कथक नृत्य भगवान की स्तुति पर आधारित है।**

श्री पटेल ने कहा कि बीते दिनों श्री महाकाल लोक का प्रसारण पूरी दुनिया के 24 देशों में देखा गया। नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, इतिहास और महापुरूषों का समय-समय पर परिचय देना चाहिये। हम सब भारत माता के प्रति हृदय से भक्ति रखे और देश के गौरवशाली इतिहास को जीवन में उतारें। महापुरूषों के आदर्श पर चलें। हमारा साहित्य और कला सदैव हमें प्रेरणा देते रहेंगे।

श्री पटेल ने शुक्रवार को देव प्रबोधिनी एकादशी पर सात दिवसीय अखिल भारतीय कालिदास समारोह-2022 का शुभारम्भ किया। सारस्वत अतिथि तुलसी पीठाधीश्वर पद्म विभूषण जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्यजी महाराज थे। अध्यक्षता संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव ने की। सांसद अनिल फिरोजिया, महापौर मुकेश टटवाल, विधायक महिदपुर बहादुरसिंह चौहान विशिष्ट अतिथि थे। कालिदास संस्कृत अकादमी के पं.सूर्यनारायण व्यास संकुल सभागृह में विक्रम विश्वविद्यालय और कालिदास संस्कृत अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के तत्वावधान में समारोह का शुभारम्भ हुआ।

समारोह में पद्मभूषण बुधादित्य मुखर्जी (सितार वादन), पद्मश्री डॉ.पुरू दाधीच (कथक नृत्य), वासुदेव कामथ (चित्रकला) और रंगकर्मी एवं प्रसिद्ध अभिनेता राजीव वर्मा को राज्य शासन के प्रतिष्ठित अलंकरण 'राष्ट्रीय कालिदास सम्मान' से विभूषित किया गया। सारस्वत अतिथि स्वामी रामभद्राचार्यजी महाराज ने संस्कृत में आशीर्वचन दिया। संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि महाकवि कालिदास के जीवन का वर्णन हमारे द्वारा समय-समय पर सुना और पढ़ा जाता रहा है। साहित्य, कला, संस्कृति और संस्कार मानव जीवन को परिपूर्ण करते हैं।



इन विधाओं के सम्पूर्ण विकास के लिये संस्कृति विभाग द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। आने वाली पीढ़ी रामचरित मानस के आदर्शों को अपने जीवन में उतार सके, उनसे परिचित हो सके, इसके लिये संस्कृति विभाग द्वारा रामचरित मानस पर आधारित ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन बीते दिनों किया गया है। मंत्री सुश्री ठाकुर ने कहा कि उन्होंने महू विधानसभा में 234 स्कूल का नामकरण देश के महान क्रान्तिकारियों के नाम पर किया है। आने वाली पीढ़ी क्रान्तिकारियों के जीवन परिचय से भलीभांति परिचित हो, यह हम सबका प्रयास होना चाहिये। सभी लोग अपने घरों में देश के महान क्रान्तिकारियों के चित्र अवश्य लगायें।

श्री पटेल ने समारोह के शुभारम्भ के पहले कालिदास अकादमी परिसर में स्थित कवि कुलगुरू कालिदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद रघुवंशम में लगी प्रदर्शनी का शुभारम्भ दीप जला कर किया। उन्होंने प्रदर्शनी के शुभारम्भ पर विजिटर्स बुक में लिखा कि अखिल भारतीय कालिदास समारोह में आकर मुझे प्रसन्नता हुई है। संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किये जा रहे इस प्रयास की मैं सराहना करता हूँ। सफल आयोजन के लिए आयोजकों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामना। राज्यपाल ने अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर द्वारा लगाई गई सिक्कों की प्रदर्शनी का शुभारम्भ कर अवलोकन किया। राज्यपाल ने परिसर में हाथ करघा एवं हस्त शिल्प मेले का और परिसर में श्री गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप-दीपन कर मेले का शुभारम्भ किया।

अतिथियों द्वारा महाकवि कालिदास और पं. सूर्यनारायण व्यास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन तथा माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया गया। शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती गान और मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया। अतिथियों द्वारा पुस्तक दुर्वा और मेघदूत के भोजपुरी अनुवाद एवं कालिदास राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी के ब्रोशर का विमोचन किया गया। अकादमी के निदेशक और संचालक संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया। विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अखिलेश कुमार पाण्डेय ने आभार माना।